नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 292 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 2 ₹ ◆ पृष्ठ : 4

धरमजयगढ़, मंगलवार 30 अगस्त 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -3 पर ग्राम पंचायत मुंनरबोड़ के आश्रित ग्राम जोगीपुर के गलियों में सीसी रोड ....



हर गली मोहल्ले और घरों में विराजमान होंगे गजानत.... पेज -4 पर

## हड़ताल का आठवां दिन,निगम कार्यालय में पसरा सन्नाटा,पूरी तरह बन्द रहा कामकाज

### सरोज पांडेय ने आंदोलन स्थल पर महिला बहनों को तीज पर्व के उपलक्ष्य में साड़ी भेंट कर शुभकामनाएं दी

दुर्ग । दुर्ग नगर निगम के सामने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे आंदोलनरत कर्मचारीयों को अपना समर्थन देने पहुची राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय,उन्होंने आंदोलन स्थल पर महिला बहनों को तीज पर्व के उपलक्ष्य में साड़ी भेंट कर तीज की शुभकामनाएं दी।



**मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे अधिकारी व कर्मचारी का समर्थन देने राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय व सासंद विजय बघेल धरना स्थल पर पहुँचे**



साथ ही सासंद विजय बघेल ने पार्षद अरुण सिंह,राजीव अग्रवाल जिला संयोजक सूचना अधिकार प्रकोष्ठ व साथियों के साथ समर्थन देने निगम गेट के सामने धरना स्थल पर पहुँचकर हड़ताल कर्मियों का समर्थन किया।दुर्ग निगम अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के आव्हान पर अधिकारी कर्मचारी हड़ताल पर है निगम गेट के सामने हड़ताल का आज आठवां दिन भी नगर पालिक निगम के कार्यालय में ताला लगा हुआ है। पूरी तरह बंद रहा कामकाज।हितग्राहियों की भीड़ लगी रहती थी, वहां सन्नाटा पसरा हुआ है। हड़ताल के चलते निगम कार्यालय दुर्ग में नामान्तरण, राशन कार्ड, पेंशन,जन्ममृत्यु प्रमाण पत्र सहित लगभग कई प्रकरण लंबित हो गए हैं। कार्यालय में ताला लगे होने के चलते लोगो भटकना पड़ रहा है। लोग कार्यालय से मायूस लौट रहे है।हड़ताल में आरके जैन,प्रकाश चंद थावनी,गिरीश दीवान, जितेंद्र समैया,दुर्गेश गुप्ता,शिव शर्मा,अनिल सिंह,मनोहर साहू,संजय मिश्रा,शशिकांत यादव,राजू बक्शी,ईश्वर वर्मा,राजेन्द्र साहू,राजू चंद्राकार, क्षमा शर्मा,राजेन्द्र मिश्रा कर्मचारी व अधिकारीगण मौजूद रहे।

## छत्तीसगढ़ में 11आईएएस अफसरों का तबादला

### स्वास्थ्य विभाग में ही व्यापक फेरबदल, चुरेंद्र को पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण में भेजा

रायपुर। छत्तीसगढ़ में सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा संवर्ग के 11 अफसरों की जिम्मेदारियां बदली हैं। इस तबादले से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में व्यापक फेरबदल हुआ है। वहीं तैनाती का इंतजार कर रहे 2003 बैच के डॉ. गोविंदराम चुरेंद्र को छत्तीसगढ़ पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण का सचिव बनाकर भेजा गया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से 28 अगस्त की देर शाम जारी आदेश के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग की सचिव रहीं शहला निगार को वहां से हटाकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का सचिव बना दिया गया है। शहला निगार 2001 बैच की अफसर हैं। उनकी जगह पर 2004 बैच के अफसर प्रसन्ना आर. को स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा



विभाग के सचिव की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी है।

प्रसन्ना अभी तक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के साथ कौशल विकास विभाग के सचिव थे। नए बदलाव में उन्हें केवल कौशल विकास विभाग की जिम्मेदारी से मुक्त किया गया है। वहीं डॉ. सी.आर. प्रसन्ना को स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा विभाग से हटाकर कौशल विकास विभाग का सचिव बना दिया गया। उनके पास आयुक्त स्वास्थ्य सेवाओं का अतिरिक्त प्रभार बना रहेगा। डॉ. प्रसन्ना 2006 बैच के IAS अफसर हैं।

### एक नजर

#### मुख्यमंत्री कचान्दुर पहुंचकर स्व. श्रीमती भूषण साहू को दी श्रद्धांजलि



रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज बालोद जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कचान्दुर पहुंचकर पूर्व सांसद स्व.श्री ताराचंद साहू की धर्मपत्नी श्रीमती भूषण साहू को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने उनके छायाचित्र में पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। श्री बघेल ने स्वर्गीय श्रीमती साहू के परिजनों से भेंट की और अपनी संवेदना व्यक्त की।

## रायपुर के 4 स्टार होटल में मॉडल से रेप

### ईवेंट मैनेजर ने मिलने के लिए बुलाया था, 5 दिन बाद हैदराबाद से गिरफ्तार

रायपुर। रायपुर के VIP रोड स्थित होटल में एक मॉडल से रेप किया गया। वारदात 23 अगस्त की रात को हुई थी। इस हाई प्रोफाइल रेप कांड के आरोपी को पुलिस ने 5 दिन बाद सोमवार को हैदराबाद स्थित एक होटल से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उसे शाम तक रायपुर लेकर पहुंचेगी। मॉडल से रेप करने का आरोप इवेंट मैनेजमेंट कंपनी चलाने वाले साहिल जैन नाम के युवक पर लगा है। मूलत: दुर्ग का रहने वाला साहिल जैन, कारोबारी और रसूखदार



नेताओं से संबंध के चलते रायपुर में भी रहता है। वह पहले भी मारपीट, रश ड्राइविंग जैसे मामलों में आरोपी रह चुका है। कुछ समय पहले साहिल जैन केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह का सोशल मीडिया प्रभारी हुआ करता था। खराब रवैये और मंत्री के नाम का गलत इस्तेमाल करने की वजह से साहिल जैन केंद्रीय मंत्री की टीम से बाहर कर दिया गया था। लड़की ने पुलिस से अपनी शिकायत में कहा है- मुझे 23 अगस्त की शाम लगभग 7.30 बजे मेरे दोस्त नितेश ने कॉल करके VIP रोड के होटल बेबी लॉन इंटरनेशनल में बुलाया। होटल के बाहर आते ही मैंने अपने दोस्त को फोन किया। उसने साहिल जैन से मिलने को कहा। होटल में कमरा साहिल जैन के नाम से बुक था।

## राज्य में बनेगा एनआईए का इंट्रोगेशन रूम

### एफबीआई की तर्ज पर काम करेगा, दो माह में आवासीय कांप्लेक्स भी बन जाएगा

रायपुर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) देश भर में अपना विस्तार कर रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर के सेक्टर 24 में एनआईए के क्षेत्रीय कार्यालय भवन बनकर तैयार हो गय है। इसे अमरीका की एफबीआई की तर्ज पर फेडरल इंवेस्टिगेटिंग एजेंसी की तरह विकसित करने की केंद्र सरकार की योजना है। इस दिशा में काम शुरू भी हो चुका है।



एनआईए के एडीजी अतुलचंद्र कुलक्रणी ने कहा कि दिल्ली हेडक्वार्टर की तर्ज पर ही राज्यों में बने ब्रांच कार्यालय में इंट्रोगेशन रूम और डेटा बेस रूम बनाया जाएगा। एक तरह से यह म्यूनिसिपल मॉडल आफ हेड क्वार्टर होगा। एजेंसी के मुख्यालयों में आतंकी घटनाओं और विस्फोटकों से जुड़ा डेटा बेस बनाया गया है।

इसमें हर घटना का पूरा ब्यौरा दर्ज किया जा रहा है। राज्यों के साथ सूचना साझा करने का भी एक नेटवर्क है। हालांकि, डेटा कमांड सेंटर दिल्ली मुख्यालय में ही रहेगा, जिससे सभी राज्यों के ब्रांच जुड़े रहेंगे और आपस में डेटा शेयर कर सकेंगे। दो साल के अंदर देश के सभी राज्यों में एनआईए का क्षेत्रीय कार्यालय शुरू हो जाएगा। फिलहाल, 18 राज्यों में एजेंसी अपना विस्तार कर चुकी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रायपुर प्रवास के दौरान इस बात का खुलासा किया।

एनआईए के एडीजी अतुल चंद्र कुलकर्णी ने बताया, एजेंसी का काम समय के साथ बढ़ता जा रहा है। फिलहाल, देश में खालिस्तानी उग्रवाद, इस्लामिक जिहाद समेत कम से कम छह थियेटर में एनआईए काम कर रही है।

इसमें नार्थ ईस्ट, जम्मू-कश्मीर और वामपंथी उग्रवाद भी शामिल है। एजेंसी को अभी एक साथ कई टास्क पर काम करना पड़ रहा है। एजेंसी के पास मामलों की संख्या बढ़ रही है। अभी दक्षिण भारत के 30 ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन जारी है। इस मुख्यालय के मुखिया पुलिस अधीक्षक वेद प्रकाश सूर्या हैं। वे 2009 बैच के एजीएमयूटी कैडर के अफसर हैं। इसमें अभी 50 अधिकारी-कर्मचारी तैनात हैं। समय के साथ इनकी संख्या बढ़ाए जाने की योजना है।

## सीएम भूपेश के पिता की बिगड़ी तबीयत, उत्तर प्रदेश गए थे नंद कुमार बघेल

### बीमारी बढ़ी तो प्लेन से रायपुर लौटे; अस्पताल में भर्ती

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंद कुमार बघेल की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें उत्तर प्रदेश से प्लेन से लाकर राजधानी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां विशेषज्ञों की टीम उनकी सेहत की जांच कर रही है।

बताया जा रहा है, नंद कुमार बघेल अपने सामाजिक संगठन के एक कार्यक्रम में शामिल होने उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में गए थे। वहां उनकी तबीयत बिगड़ गई। स्थानीय स्तर पर जांच और इलाज के बाद उन्हें राहत नहीं मिल रही थी। उसके बाद उन्हें विमान से रायपुर लाया गया। वहां शहर के



एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उनके पेट में कुछ दिक्कत है।

डॉक्टरों की टीम अभी उनके स्वास्थ्य की जांच कर रही है। नंद कुमार बघेल 86-87 साल के हैं। इस उम्र में भी वे सामाजिक संगठनों के साथ सक्रिय हैं। वे पिछड़ा वर्ग और बहुजन समाज के कई संगठनों से जुड़े हुए हैं।

## हड़ताल के सात दिन... सरकार से पहली बातचीत बेनतीजा

### मुख्य सचिव ने कहा-अब आम लोगों को परेशानी होने लगी है, नेता बोले- मांगें मान लीजिए

रायपुर। छत्तीसगढ़ में राज्य कर्मचारियों की हड़ताल के सात दिन पूरे हो गए हैं। इस बीच सरकार की ओर से पहली बार बातचीत की कोशिश शुरू हुई।



मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सोमवार को कर्मचारी नेताओं को अपने कार्यालय बुलाकर कहा, उनकी हड़ताल से अब आम लोगों को परेशानी होने लगी है। उन्हें अब काम पर वापस लौट आना चाहिए, सरकार उनकी मांगों पर विचार करेगी। नेताओं ने कहा यदि उनकी मांगे मानी जाती है तो वे हड़ताल खत्म कर देंगे। फिलहाल कर्मचारी फिर हड़ताल पर लौट गए। संसदीय सचिव और रायपुर विधायक विकास उपाध्याय की पहल पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सोमवार को छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के नेताओं को कार्यालय बुलाया था। वहां विधायक की मौजूदगी में मुख्य सचिव और हड़ताली नेताओं के बीच बातचीत हुई है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने दैनिक भास्कर को बताया, मुख्य सचिव ने आम लोगों की दिक्कतों का हवाला देकर काम पर वापस लौटने की बात कही। हम लोगों ने कहा, उनकी बात से सहमत हैं लेकिन हमारी मांगों पर उनको शीघ्र फैसला करना चाहिए। मुख्य सचिव ने उन्हें वित्त विभाग के सचिव से स्थिति की समीक्षा के बाद किसी फैसले का आश्वासन दिया है।

फिलहाल सभी कर्मचारी हड़ताल में वापस लौट आए हैं। कमल वर्मा ने कहा, फेडरेशन मांग पूरी हुए बिना आंदोलन वापस नहीं लेगा। कर्मचारियों की इस हड़ताल में 100 से अधिक संगठन शामिल हैं। इसकी वजह से स्कूल, अस्पताल, जिला प्रशासन और राजस्व विभाग के कार्यालय-न्यायालय लगभग ठप्प हो गए हैं।

## मुख्यमंत्री ने खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की

रायपुर। मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित कीमुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज खेल दिवस के अवसर पर अपने निवास कार्यालय में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा की मेजर ध्यानचंद ने अपने उत्कृष्ट खेल के बदौलत देश को गौरवान्वित किया है। उनके दौर में भारत ने हॉकी का स्वर्णिम दौर देखा है। ध्यानचंद में गोल करने की क्षमता कमाल की थी। उनके दौर में भारत ने 1928, 1932 एवं 1936 के ओलंपिक में गोल्ड मैडल जीते थे। उनसे प्रेरणा पाकर आज भी हॉकी के खिलाड़ी अपना



बेहतर प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। गौरतलब है कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**सम्मेलन..** आगरा में कचरे से बनेगी बिजली, वड़ोदरा में 24 घंटे सड़कों की सफाई; ढेबर बोले-सीख लेकर करेंगे बदलाव

## रायपुर में 51वां महापौर परिषद सम्मेलन

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अखिल भारतीय महापौर परिषद के 51वें वार्षिक सम्मेलन का आयोजन हुआ। यहां देश भर के 50 से ज्यादा महापौर तीन दिनों तक अपने क्षेत्रों में विकास के आइडिया पर बातचीत करते रहे। अब आगरा और वडोदरा के महापौरों ने अपने शहर के लोगों के लिए कुछ नया करने की ठानी है। अखिल भारतीय महापौर परिषद के 51वें वार्षिक सम्मेलन का आयोजन परिषद के अध्यक्ष और आगरा के महापौर नवीन जैन की अगुवाई में हुआ। उन्होंने बताया कि अब वो आगरा के लोगों के लिए जल्द ही एक नई सुविधा शुरू करने जा रहे हैं। अब आगरा के कचरे से बिजली




बनेगी। आगरा का ताजमहल और पेठा देश में मशहूर है, अब कचरे से बनी बिजली से आगरा रोशन होगा।

### कचरे से बिजली

नवीन जैन ने रायपुर में दैनिक भास्कर को बताया कि एक समय में आगरा को सबसे गंदा शहर घोषित किया गया था। पिछले कुछ सालों में आगरा की तस्वीर बदल रही है। शहर से निकलने वाले 20 लाख टन कचरे से बड़ा मैदान भर गया था। कचरे का विशाल पहाड़ बन चुका था। हमने इस कचरे से खाद बनाई, मिट्?टी तैयार की जो कंस्ट्रक्शन वगैरह में काम में लाई जा सके।

जैन ने बताया कि इससे करोड़ों की आमदनी हुई जनता को सुविधा देने में ये पैसा काम आया। अब हम आगरा में हर दिन निकलने वाले कचरे से बिजली बनाने जा रहे हैं। जल्द ही इसके लिए आगरा में प्लांट लगेगा। बिजली पैदा करने के लिए 2 हजार टन कचरे की जरूरत होती है। आगरा में हर रोज 50 हजार पर्यटक आते हैं, शहर से 1 हजार टन कचरा निकलता है। हम आस-पास की पंचायतों से पालिकाओं से और 1 हजार टन कचरा लेंगे। इससे बिजली बनेगी, आगरा की गलियां वहां के टूरिस्ट स्पॉट इस बिजली से रोशन होंगे।

### एयरपोर्ट की तरह चमकेंगी सड़कें

गुजरात की सांस्कृतिक राजधानी वडोदरा के महापौर केयूर रोकडिया ने भी दैनिक भास्कर से बात-चीत की। उन्होंने बताया कि सफाई को लेकर हम बड़ा प्रयोग शहर में करने जा रहे हैं। हम कुछ मॉडल रोड लेकर उन्हें प्राइवेट संस्थाओं को देंगे। जैसे एयरपोर्ट, बस अड्डों और रेलवे स्टेशन पर 24 घंटे सफाई होती है। ठीक उसी तरह उस सड़क पर 24 घंटे सफाई का काम होगा। रोड के ब्लॉक पर कर्मचारी तैनात होंगे तो उसे हमेशा साफ रखेंगे।

## खारून नदी में डूबे 2 दोस्त

### 12 घंटे बाद एक का शव मिला, दूसरे की तलाश जारी

रायपुर। रायपुर में एडवेंचर करना टीनएजर्स के एक ग्रुप को भारी पड़ गया। खारून नदी के किनारे संडे को मस्ती करने गए 6 नाबालिग में से 1 की मौत की खबर है। सभी दोस्त यहां नहाने लगे और कब गहराई में चले गए पता ही नहीं चला। दो दोस्त डूब गए। इसमें से एक का शव स्थ्रक्रन ने करीब 12 घंटे बाद सोमवार को बरामद किया जा सका। जबकि दूसरे का अभी तक पता नहीं चल सका है। पिछले साल भी यहां युवकों के डूबने की घटनाएं हो चुकी हैं। हादसा मुजगहन थाना क्षेत्र में हुआ है। टिकरापारा, संतोषी नगर और बोरियाखुर्द के रहने वाले 6 दोस्त अंकित गुप्ता, करण साहू, कुणाल चंद्राकर, कृष पांडे (16), कुणाल



नगरची (17) और अर्जुन साहू रविवार को नदी किनारे गए थे। कुशाभाऊ ठाकरे विश्वविद्यालय के पास खारून नदी के किनारे पर जा पहुंचे। वहां सभी मस्ती कर रहे थे। बच्चों ने पुलिस को बताया कि कृष और कुणाल ने सभी से पानी में उतरने को कहा। सब डरे तो दोनों ने कहा कि कुछ नहीं होगा।

**तैरने की कोशिश में लहरों ने चपेट में लिया**- पुलिस ने बताया कि बोरियाखुर्द निवासी कृष और संतोषी नगर निवासी कुणाल तैरने की कोशिश करते हुए आगे बढ़ गए और लहरों ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। जब दोनों नजर नहीं आए तो उन बाकी साथी चीखने-चिल्लाने लगे।

# न्यायिक सुधारों का रोडमैप- अदालतों में लगभग पांच करोड़ मुकदमे लंबित

गरीबी, भूख, असमानता और अर्थव्यवस्था में कमजोरी के लिए परंपरागत तौर पर नेताओं और अधिकारियों को कोसने का रिवाज है। पर प्रधानमंत्री, कानूनमंत्री, सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशों के बयानों के निहितार्थ को संजीदगी से समझा जाए, तो इसके लिए न्यायपालिका भी जिम्मेदार है।

व्हाट्सऐप से फटाफट मैसेज, ऑनलाइन डिलीवरी और बैंकिंग के चुस्त सिस्टम के दौर में भी भारत की अदालतों में दामिनी फिल्म के तारीख पे तारीख का डायलॉग गूंज रहा है।

देश की अदालतों में लगभग पांच करोड़ मुकदमे लंबित हैं, जिनमें से एक लाख मुकदमे 30 साल से ज्यादा पुराने हैं। सभी उच्च न्यायालयों में कुल मिलाकर 59 लाख मामले लंबित हैं, जिनमें से 13 लाख मुकदमे दस साल से ज्यादा पुराने हैं।

वर्ष 2016 की एक रिपोर्ट के अनुसार, निचली अदालतों में मुकदमेबाजी से प्रति व्यक्ति औसतन 1,300 रुपये प्रतिदिन का नुकसान होता है। समस्या का सरलीकरण करते हुए कानूनमंत्री किरण रिजिजू ने इसे जागरूक समाज की निशानी बताते हुए कहा है कि जज 50 मामले निपटाते हैं, तो 100 और मुकदमे आ जाते हैं। लेकिन नए मुकदमों पर ताबड़तोड़ सुनवाई और पुराने मामलों पर तारीख बढ़ना जागरूक समाज के बजाय न्यायिक व्यवस्था के पराभव की निशानी है। इसीलिए 139 देशों की रूल ऑफ लॉ के वैश्विक इंडेक्स में दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से भारत 79वें पायदान पर है। अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट में सिर्फ 2.5 फीसदी मुकदमे लिए जाते हैं। लेकिन पीआईएल, मुकदमों और अपीलों में जजों द्वारा रूटीन नोटिस जारी करने के फैशन से समाज में मुकदमेबाजों का बड़ा वर्ग तैयार हो गया है। सर्वोच्च न्यायालय के जज संजय किशन कौल के अनुसार, हर मुकदमे में अपील के उदार सिस्टम से मुकदमेबाजी को इसी तरीके से बढ़ावा देना जारी रहा, तो लंबित मामलों का अगले 500 वर्षों में भी निपटारा मुश्किल है। करोड़ों परिवारों, समाज और अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले इस नासूर



देश की अदालतों में लगभग पांच करोड़ मुकदमे लंबित हैं, जिनमें से एक लाख मुकदमे 30 साल से ज्यादा पुराने हैं। सभी उच्च न्यायालयों में कुल मिलाकर 59 लाख मामले लंबित हैं, जिनमें से 13 लाख मुकदमे दस साल से ज्यादा पुराने हैं।

के सही इलाज के लिए जजों की संख्या बढ़ाने के सरल नुस्खे के बजाय मर्ज की तह तक जाना जरूरी है। पहली बात यह कि संपन्न लोगों के मामलों के जल्द निपटारे के लिए कॉमर्शियल, इनसॉल्वेंसी और मध्यस्थता कानून के तहत विशेष कानून बन गए हैं। लेकिन आम जनता से जुड़े दीवानी, राजस्व और फौजदारी मामलों में मुकदमों के निपटारे के बजाय फाइलों की मोटाई बढ़ाने और तारीख देने पर ज्यादा जोर रहता है। संविधान के तहत जल्द और सुलभ न्याय मिलने के हक को सुनिश्चित करने के लिए कोरे आश्वासन के बजाय संसद से नए कानून बनाए जाने की आवश्यकता है। दूसरा यह कि विधि आयोग ने वर्ष 1987 में 120वीं रिपोर्ट में कहा था कि देश में प्रति 10 लाख लोगों पर 50 जज होने चाहिए। उसके बाद से न्यायिक व्यवस्था के हर मर्ज के लिए जजों की कमी की दुहाई दी जाती है। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय में वर्ष 1950 के कुल सात जजों की तुलना में अब 34 जज हो गए। इसके बावजूद फैसलों की दर का 43 फीसदी से घटकर 25 प्रतिशत होना चिंताजनक है। कॉलेजियम सिस्टम के तहत उच्च न्यायालय में सैकड़ों जजों की भर्ती पिछले एक साल में हो गई, लेकिन निचली अदालतों में जजों के 5,343 पद खाली हैं। इसलिए उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में जजों की सुविधाएं बढ़ाने के साथ-साथ जिला अदालतों में जजों के रिक्त पदों पर भर्ती करने और बुनियादी व्यवस्था ठीक करने के लिए भी ठोस कदम उठाने होंगे।

तीसरी बात यह कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लंबित मामलों के जल्द निपटारे के साथ 3.5 लाख विचाराधीन कैदियों की रिहाई की बात कही है। लंबित मुकदमों में 70 फीसदी से ज्यादा मामले फौजदारी से जुड़े हैं। थानों में गलत एफआईआर दर्ज करने पर दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती। संविधान और सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों के अनुसार, बेल (जमानत) नियम है और जेल अपवाद। ट्रायल कोर्ट और जिला अदालतों के मजिस्ट्रेट रसूखदारों को बेल और गरीबों को जेल भेजने का रूटीन आदेश दे देते हैं। ऐसे मामलों में मजिस्ट्रेट के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना का मामला चले, तो फिर अदालतों को मुकदमों के बोझ के साथ-साथ जेलों को कैदियों की भीड़ से भी राहत मिलेगी। चौथी बात यह कि संविधान के अनुच्छेद-14 और 39-ए के अनुसार, सभी लोग बराबर हैं और उन्हें समानता से न्याय मिलना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एम एन वेंकटचलैया ने मुकदमों को निश्चित समय सीमा पर निपटारे की बात कही थी। सर्वोच्च न्यायालय के ही पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई के अनुसार, अदालतों में बड़ी कंपनियों, बड़े लोग और वरिष्ठ वकीलों से जुड़े मामलों में जल्द सुनवाई और फैसला होता है।

विराग गुप्ता

## संपादकीय

### दिल्ली शराब घोटाले का सच

यदि दिल्ली सरकार की आबकारी नीति के तहत कोई घोटाला हुआ है, तो सीबीआई जांच कर रही है। सीबीआई ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के आवास समेत सात राज्यों में कई ठिकानों पर एक साथ छापे मारे थे। दिल्ली में कारवाई करीब 15 घण्टे चली । सीबीआई के हाथ जो भी दस्तावेज, उपकरण, साक्ष्य लगे हैं, उन्हें जब्त कर लिया गया है । संभव है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी इस मामले में प्रवेश करे, क्योंकि प्राथमिकी साझा की गई है। अब सीबीआई सम्यक जांच करेगी, आरोपित लोगों से पूछताछ करेगी और अंततः आरोप-पत्र अदालत में दाखिल करेगी। अदालत में जो भी दोषी पाया जाएगा, वह दंडित होगा। इसमें भाजपा की क्या भूमिका है? भाजपा निर्वाचित जनसेवकों का उत्पीड़न क्यों कर रही है? पहले ख़बर आई कि सिसोदिया के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी कराया गया है। सिसोदिया चुने हुए जन प्रतिनिधि हैं। यह नीरव मोदी, ललित मोदी, मेहुल चौकसी और विजय माल्या की तरह न तो भगोड़े हैं और न ही उन्होंने बैंकों का पैसा हड़पा है। वह भारत सरकार की अनुमति के बिना देश के बाहर कहीं भी जा नहीं सकते। फिर लुकआउट सर्कुलर? जब यह विमर्श गंभीर हो गया, तो सीबीआई ने लुकआउट सर्कुलर का खंडन किया। क्या मज़ाक किया गया? आखिर बदनाम करने और फजीहत करने की यह पटकथा किसने लिखी थी? भाजपा के विभिन्न सांसद और प्रवक्ता घोटाले की राशि अलग-अलग आंकते रहे, जो लगातार गलत साबित होती रही। सीबीआई की प्राथमिकी में घोटाले की राशि कुछ और लिखी है, लेकिन भाजपाई फुलफुलाकर 8000 करोड़ से 1100 करोड़ रुपए तक के खुलासे करते रहे।

# ऐतिहासिक समझ की गलत करवट की सजा, कितनों को भुगतनी होगी

*दिनकर की संस्कृति के चार अध्याय को हिंदी के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार मिलना अकादेमी इतिहास की विरल घटना थी, जब गैर साहित्यिक या इतिहास की किताब को यह पुरस्कार दिया गया था। क्या इतिहास का एकल उद्देश्य राष्ट्र निर्माण में योगदान है? ऐसे नायकों की कहानियां सुनाना जो प्रेरित कर सकें कि ऐसे जियो, ऐसे लड़ो, ऐसे बनो।*

क्या ऐसी कहानियों के सुंदर समुच्चय को सच्चा और अच्छा इतिहास कह दिया जाना चाहिए? चलो, मान भी लिया जाए कि यही सर्वोच्च, पवित्र मकसद है, तो जब बड़ी घटनाएं नक्शा बदल देंगी, तब इस पुराने लिखे पवित्र इतिहास का क्या करेंगे, कूड़ेदान में डालेंगे या खुद को ही इस अपराध के लिए दोषी ठहराकर चौराहे पर अपने हाथों से अपने गले मे फंदा डाल लेंगे? हमारे घरों के बच्चे अक्सर इतिहास को एक उबाऊ विषय मानते हैं, उम्र में बड़े हो चुके लोगों को कहते सुना है कि घटनाएं और तारीखें याद करते-करते थक जाते थे हम- %हिस्ट्री-ज्योग्रफी बड़ी बेवफा, रात को याद किया, सुबह हो गई सफा%। फिर अक्सर लोग अपने बीते जीवन को घटनावार, तिथिवार बताने लगते हैं, उन्हें नहीं पता होता कि वे इतिहास के जोन में आ चुके हैं, यह पर्सनल हिस्ट्री कहलाती है।



कैंब्रिज के प्रोफेसर रिचर्ड इवान्स के एक व्याख्यान में कही गई बात याद आती है कि संचार के जिस युग में हम रह रहे हैं, खासतौर पर यूके में अलग-अलग संस्कृतियों से आए माता -पिता या दादा-दादी, नाना-नानी की संतानों को खास किस्म का राष्ट्रवादी इतिहास पढ़ाना संभव नहीं है, क्योंकि राष्ट्रवादी इतिहास के चयनित तथ्यों से आगे की जानकारियां भी उन्हें सहजता से मिल जाने वाली हैं।

पर कमाल यह है कि सियासतदान इसे एक जरूरी विषय मानते हैं। वे फिर किसको, और कैसे अपने मन का इतिहास पढ़ाना, सिखाना चाहते हैं। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में इतिहास के पूर्व प्रोफेसर बीएल भादानी हाल ही में एक दिन कह रहे थे-%यूक्रेन के इलाकों पर रूस का कब्जा हो जाने पर रूसी लोग यूक्रेन के इतिहास की पुस्तकों को जला रहे हैं। क्या यूक्रेन के लोग अपने इतिहास को भूल जाएंगे? शायद कभी नहीं। इसी प्रकार हमारे भारत में वैज्ञानिक आधार पर लिखे गए इतिहास को कोर्स से हटाकर नया इतिहास लिखा जा रहा है, क्या उपरोक्त दो बातों में साम्य नजर आता है?% उनकी बात से भी मुझे इतिहास लेखन की बुनियादी जरूरत और अहमियत का सवाल खड़ा होता दिखाई देता है। कौन-सा इतिहास हम नष्ट करना चाहते हैं, किसको बचाना, यही चयन पद्धति बहुत से सवालों का जवाब भी है, खुद में एक लाजवाब सवाल भी है। ऐतिहासिक समझ की गलत करवट की सजा कितने लोग भुगतते हैं, कई बार केवल कुछ लोग, कई बार लाखों... इतिहास लिखने के मकसद को लेकर याद करना जरूरी लगता है कि जब रामधारी सिंह 'दिनकर' इतिहास और संस्कृति विषयक लेखन कर रहे थे, कौन इनकार कर सकता है कि उनकी प्राथमिकता में नेहरूवियन भारत का सपना नहीं था? वह दृष्टि दिनकर जी के लेखन में आद्योपांत दिखाई देती है। उनकी किताब संस्कृति के चार अध्याय को हिंदी के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार मिलना अकादेमी इतिहास की विरल घटना थी, जब गैर साहित्यिक या इतिहास की किताब को यह पुरस्कार दिया गया था। कहने को कहा जा सकता है कि विज्ञान के आविष्कार विज्ञान के विकास, विषय के विस्तार के लिए होते हैं या मानव सभ्यता के हित के लिए? तो इतिहास की भी अहमियत केवल विषय के विकास पर कैसे मानी जानी चाहिए। पर दोनों मकसद साथ पूरे हो जाएं, ऐसे संयोग तो दुर्लभ होते होंगे। कभी या प्रायः दोनों मकसद आमने-सामने आकर खड़े हो जाते होंगे। यहीं चुनौती भी है, मुश्किल मार्ग भी है, सब इतिहास लिखने वाले इस चुनौती को कहां ठीक से निभा पाते होंगे।

दुष्यंत

## मिला जुला

# शासकीय उचित मूल्य की दुकान में नेटवर्क बना रोड़ा

### वन नेशन वन राशनकार्ड योजना से लोग वंचित

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत सभी कार्डधारी हितग्राहियों को देश के किसी भी राशन दुकानों में राशन लेने की छुट दी गई हैए लेकिन सरायपाली के कुछ गांवों के राशन दुकानों में शासन की इस योजना का कार्डधारी हितग्राहियों को लाभ नहीं मिल रहा है। नेटवर्क की समस्या ताजा मामला ग्राम रिमझी में सामने आया है। जहां एक लखनपुर के हितग्राही को सेल्समैन द्वारा राशन नहीं दिया गया। वापस लौटा दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार विगत विगत दिनों ग्राम रिमजी के शासकीय उचित मूल्य की दुकान में लखनपुर की उर्मिला भोई पति गोकुल भोई कार्डधारी हितग्राही के



सदस्य सुभाष भोई राशन लेने के लिए उचित मूल्य की दुकान रिमजी पहुंचे थे7 तो उन्हें सेल्समैन द्वारा यह कहकर वापस लौटा दिया गया कि उनके यहां ऑनलाइन सिस्टम से राशन वितरण नहीं होता और ऑफ्लाइन में वन नेशन वन राशन कार्ड योजना लागू नहीं होने की बात कही गई। हितग्राही ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत किसी भी राशन दुकान से राशन उठा सकते हैं। उसी आस में वे रिमजी राशन दुकान राशन लेने पहुंचे थे। आगे उन्होंने बताया कि वह रिमझी में ही मजदूरी का कार्य करते हैंए इसलिए उन्हें वहां से राशन लेने में ज्यादा सुविधा होती। इसलिए वे वहीं से राशन उठाना जरूरी समझेए लेकिन उन्हें राशन नहीं दिया गया। राशन कार्ड धारी को वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत लाभ न मिलने से सवाल खड़े हो रहे हैं। इस संबंध में रिमजी दुकान के सेल्समेन मूलचंद पटेल से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस गांव में जितने भी कार्डधारी हैं। सभी को ऑफलाइन राशन दिया जाता है। नेटवर्क समस्या के कारण ऑफ लाइन राशन वितरण होता है। इस संबंध में फूड इंस्पेक्टर सुशीला गबेल से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि रिमझी में नेटवर्क की समस्या है। इसलिए वहां ऑफ लाइन राशन वितरण होता है और जहां ऑफ्लाइन राशन वितरण होता हैए वहां अन्य गांव के हितग्राहियों को वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत राशन नहीं दिया जा सकता। इसलिए उक्त हितग्राही को वहां राशन नहीं मिला।

### अध्यक्ष चुनाव की घोषणा के साथ उठी मांग

# 'राहुल गांधी ही संभालें कांग्रेस की कमान'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री ने अध्यक्ष पद के चुनाव का कार्यक्रम जारी किया. वहीं इसी के साथ ही एक बार फिर राहुल गांधी को पार्टी की कमान सौंपने की मांग उठने लगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद, पूर्व सीएम हरीश रावत और कांग्रेस के राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक सुर में उन्हें अध्यक्ष बनाए जाने की बात कही। राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत समेत कई नेताओं ने सार्वजनिक रूप से पहले ही राहुल गांधी से पार्टी अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी संभालने की अपील कर चुके हैं. मालूम हो कि राहुल गांधी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था. इसके बाद से अंतरिम अध्यक्ष के तौर पर सोनिया गांधी पार्टी की कमान संभाल रही हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए राहुल गांधी पहली और एकमात्र पसंद हैं. उन्होंने मीडिया से कहा कि जिस किसी से भी पार्टी अध्यक्ष के



तौर पर राहुल गांधी को लेकर बात की, सभी ने कहा कि वह पहली और एकमात्र पसंद हैं. उन्होंने बताया कि हमें इस बात का कोई संकेत नहीं मिला है कि वह हमारा अनुरोध स्वीकार करेंगे या नहीं लेकिन विदेश से आने के बाद गांधी को अध्यक्ष पद संभालने के लिए मनाने की कोशिश की जाएगी।

**कार्यकर्ता चाहते हैं राहुल बनें अध्यक्ष-हरीश रावत**

पार्टी के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने कहा कि राहुल गांधी को पार्टी की कमान संभाल लेनी चाहिए. उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस के एक कार्यकर्ता के तौर पर यह कह रहा हूं. लाखों-करोड़ों कार्यकर्ताओं की यही भावना है.

**राहुल ही कांग्रेस को रख सकते हैं एकजुट- खड़गे**

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मेरी निजी राय है और यह सभी कार्यकर्ताओं की भावना है कि राहुल गांधी को इस समय में कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व करना चाहिए. उन्हें कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष बनना चाहिए. राहुल गांधी अकेले हैं जो कांग्रेस को उठा सकते हैं.

# एकतरफा प्यार में शाहरुख ने अंकिता को जिंदा जलाया

### मौत पर दुमका में उबाल; कई जगह प्रदर्शन

**रांची।** दुमका के जरुवाडीह में पेट्रोल से जला दी गई 16 वर्षीय छात्रा अंकिता शनिवार देर रात जिंदगी की जंग हार गई। बीते चार दिन से रिम्स में जिंदगी के लिए जूझ रही अंकिता ने दम तोड़ दिया। अंकिता की मौत की सूचना जैसे ही दुमका पहुंची, लोग आक्रोशित हो उठे। घटना के विरोध में जगह-जगह प्रदर्शन होने लगे। लोग दुकान बंद कराने लगे। इससे इलाके में तनाव है। एहतियातन पूरे शहर में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। शहर में निषेधाज्ञा लागू है।

बता दें कि बीते 23 अगस्त को एकतरफा प्यार में शाहरुख नाम के



युवक ने खिड़की से पेट्रोल छिड़क कर अंकिता के शरीर में आग लगा दी थी। इससे वह करीब 95 प्रतिशत तक जल गई थी। बाद में गंभीर हालत में उसे रिम्स में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान शनिवार रात उसकी मौत हो गई। अंकिता की मौत के बाद बजरंग दल, विहिप और भाजपा महिला मोर्चा ने दुमका बंद कराया।

# जनपद पंचायत कार्यालय के सामने 8 दिनों से कोटा विकासखंड के सहायक शिक्षक बैठे धरने पर

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन कोटा के नेतृत्वकर्ता राजकुमार कोरी के अगुवाई में कोटा विकासखण्ड के समस्त सहायक शिक्षकों ने रैली निकालते हुए धरना स्थल में अपनी गरिमामय उपस्थिति दिए आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय महामंत्री रंजीत बनर्जी व संभाग प्रभारी अश्वनी कुर्रे, जिलाध्यक्ष डीएल पटेल, कार्यकारी जिलाध्यक्ष विकास कारवार, जिला उपाध्यक्ष संतोष गढ़ेवाल एवं समस्त बिलासपुर



निर्वाचन टीम प्रमुख रूप से उपस्थित रहे सभी का छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन कोटा के पदाधिकारियों द्वारा जोशीले अंदाज में स्वागत किया गया। साथ ही सहायक शिक्षक फेडरेशन कोटा के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष मोहन मरावी को प्रमाण पत्र प्रदान का बधाई दिया गया। आज के सभा स्थल को रंजीत बनर्जी, अश्वनी कुर्रे, विकास कारवार व आनंद तिवारी ने बारी-बारी से संबोधित किया। कार्यक्रम के अंतिम में समस्त सहायक शिक्षकों का राजकुमार कोरी के द्वारा आज की उपस्थिति के लिए समस्त सहायक शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया।




### सीएम हिमंत का केजरीवाल पर तंज

## दिल्ली को लंदन-पेरिस बनाने का किया वादा, अब असम से करने लगे तुलना

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा के बीच शुरू हुई ट्विटर वॉर रविवार को भी जारी है। मुख्यमंत्री हिंमत ने आज केजरीवाल के प्रस्तावित असम दौरे को लेकर निशाना साधा। उन्होंने ट्वीट करके कहा, 'आज आप असम आने की इच्छा जाहिर कर रहे हैं अरविंद केजरीवाल जी। मुझे दुख और अफसोस है कि आपकी ऐसी इच्छा तब नहीं जागती है, जब हमारे असम के लोग बाढ़ जैसी भीषण प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे होते हैं! और हां, आपके उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जी को तो असम से आमंत्रण भेजा ही जा चुका है।' हिमंत विश्व शर्मा ने एक दूसरे ट्वीट में कहा, 'आप दिल्ली को लंदन और पेरिस जैसा बनाने के वादे के साथ सत्ता में आए थे, याद है न केजरीवाल जी?

# ओपन हाउस प्रोग्राम में दी बच्चों के अधिकारों की जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

**चाइल्डलाइन टीम ने ग्राम पंचायत .तोंगपाल मंदिर पारा सुकमा के बस्ती में ओपन हाउस प्रोग्राम आयोजित कर बच्चों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी। साथ ही स्वयं की सुरक्षा, स्वास्थ्य व स्वच्छता के बारे में भी जागरूक किया।**





कार्यक्रम में चाइल्ड लाइन समन्वयक अवध बघेल ने बताया कि 0 से 18 वर्ष को बच्चा माना जाता है। चाइल्ड लाइन विशेष रूप से इनके लिए काम करती है। एक आपातकालीन टेलीफोन सेवा है। जिसका नि:शुल्क नंबर 1098 है। जो दुर्गम क्षेत्र में मुसीबत में फंसे बच्चे हों फोन करके आसानी से उन तक मदद पहुंचाई जा सकती है। यह टोल फ्री नंबर किस तरह कार्य करता है इसकी विस्तृत जानकारी दी। चाइल्डलाइन कॉल सेन्टर के बारे में बताया गया। मानव तस्करी के जाल किस तरह फैले हैं एवं उनसे कैसे बचा जा सकता है। बच्चों को हरेक बच्चे को मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा का अधिकार है। गुमशुदा, बाल मजदूरी, शोषित बच्चे, बाल मजदूरी, घर से भागे बच्चे, बाल विवाह, जीने का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार,अनाथ, दिव्यांग तथा अन्य कठिन परिस्थितियों में फंसे बच्चों की सहायता के लिए चाइल्डलाइन 24 घंटे कार्यरत है। इस दौरान काउंसलर चैश्वानी सिन्हा ने बताया कि चाइल्ड राइट्स कानून के सबसे बड़े लाभ के रूप में लोगों में एक जागरूकता का आना है चाहे विद्यालय हो या अन्य कोई स्थल, कम या ज्यादा मात्रा में लोगों को बाल अधिकारों के बारे में जागरूकता किया गया तथा चाइल्डलाइन सुकमा टीम मेंबर अमृत नाग एवं मिस गीता यादव के द्वारा समाज विकसित हो रहा है इसके साथ ही में मनुष्य की आपराधिक भावना भी बढ़ रही है। मानव को पिछले युग में कई बदलाव देखने को मिले है। कुछ समय पहले आपराधिक दिमाग वाले लोग समाज की वस्तुओं को निशाना बनाते थे। लेकिन हाल के वर्षों में ये छोटे बच्चों और शिशुओं को निशाना बनाने लगे हैं। मानवता पशुता में ढ़लती जा रही है। छोटे बच्चों और शिशुओं को वो लोग निशाना बनाने लगे हैं।जो अपने यौन आकर्षण के लिए इनका गलत इस्तेमाल करते हैं क्योंकि इन्हें मालूम है कि कम उम्र के बच्चे कमजोर व नासमझ होते हैं और दूसरों से जल्दी घुल-मिल जाते हैं व दूसरों पर जल्दी विश्वास भी कर लेते हैं। इस तरह के ज्यादातर अपराधी घर में से ही या आस-पड़ोस या जान पहचान वाले ही होते हैं। कई बार बच्चों को स्कूल कर्मचारी के साथ स्कूल ले जाने वाले ट्रांसपोर्ट के लोग भी ऐसे अपराध करते हैं। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित तोंगपाल सरपंच,उप सरपंच,पंचगढ़, जनपद पंचायत सदस्य जनप्रतिनिधि, परियोजना अधिकारी रवाठे तोंगपाल सुपरवाइजर एव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,मितानिन, जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र रविन्द्र कोठरे समाज कल्याण विभाग, राजेंद्र ध्रुव एव समस्त ग्राम वासियों उपस्थित रहे। ओपन हाउस प्रोग्राम में बच्चों के अधिकारों के बारे में जानकारी, प्रदीप सिन्हा,जोगेंद्र कुमार दिर्दो, रिंकी साहू,गोकुल प्रसाद ठाकुर ,शेक नसीहा देते चाइल्डलाइन के कार्यकर्ता ।

## एक नजर

### प्रभारी सिंगर लक्ष्मण राजपूत ने गणेश चतुर्थी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदेशवासियों को दिए

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




जिला बेमेतरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम बुंन्देला से राष्ट्रीय कलाकार एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी पदाधिकारी सिंगर गीतकार लक्ष्मण राजपूत जी ने सभी कलाकारों के लिए एक बहुत बड़ी खुश खबरी देते हुए कहा कि आज बहुत ही खुशी की बात है छत्तीसगढ़ में कलाकार साथी भाई बहनें कला के लाइन में बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दे रहे हैं जिससे छत्तीसगढ़ प्रदेश से लेकर उनका जिला गांव का नाम रोशन कर रहे हैं और अच्छी बात ये है कि छत्तीसगढ़ में लोक गीत संगीत के साथ साथ ही छत्तीसगढ़ी फिल्मों के माध्यम से बहुत ही आगे बड़ चुके है कभी कभी कई कलाकार एलबम तक ही सीमित रहते हैं कितनों को लोक गीत संगीत गाने की इच्छा होती है लेकिन कुछ मजबूरी के चलते पुरा नही हो पाता है जिसे एक कलाकार का सही पहेचान नहीं मिलता है आज आप सभी को एक मंच कलाकार की अपना खुद का पहेचान दिलाने के लिए राष्ट्रीय कलाकार एसोसिएशन आया है सबसे आगे इसलिए बड़ चढ़कर भाग लिजिए सदस्य बनिए निशुल्क सदस्यता अभियान शुरू हो चुका है भगवान गजानंन्द स्वामी श्री गणेश की पावन पर्व से इस 31अगस्त 2022 से प्रारंभ हो रहा है जिसमें पुरा देश का कलाकार अधिक से अधिक जुड़िए भारी संख्या में जुड़िए राष्ट्रीय कलाकार एसोसिएशन में आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष मिनहाज सोहाग्रवी जी ने मुहिम उठाया है जिसे हम सब मिलकर पुरा करेगें और भारत सरकार से कई मांगो को लेकर प्रस्ताव भेजा जाएगा जो सभी कलाकारों के हित के लिए होगा और छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सिंगर गीतकार लक्ष्मण राजपूत ने भगवान गणेश चतुर्थी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिए भगवान श्री गणेश जी गणपति स्वामी विघ्नविनाशक धरती पर ग्यारह दिनों के लिए विराजमान होने जा रहे हैं 31 अगस्त 2022 से भगवान गजानंन्द स्वामी जी से यही कामना विनती करते है कि समस्त संसार में अपना कृपा बनाए रखे गणपति बप्पा मोरिया।

### ग्राम गोबरी पाट के चौक में लगे एटीएम में अज्ञात चोरों ने की तोड़-फोड़

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।






कोटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत गोबरीपाट में लगे हिताची एटीएम में बीते रात्रि रविवार को अज्ञात चोरों के द्वारा एटीएम में सबल मारकर की तोड़फोड़ वही एटीएम मशीन से रुपए निकालने की कोशिश की गई है। लेकिन एटीएम मशीन से रुपये नही निकाल पाए। इस मामले की सूचना कोटा थाना प्रभारी दिनेश कुमार चंद्रा को आज सोमवार की सुबह सूचना दी गई और पुलिस टीम मौके पर घटना स्थल पहुंचकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही हैं। एटीएम के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को अज्ञात चोर के द्वारा तोड़कर ले गई। एटीएम मशीन के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में अज्ञात चोर हुए कैद,कोटा पुलिस अज्ञात चोर की तलाश में जुट गई है।जल्द ही चोर को पुलिस गिरफ्तार कर लेगी।

## ओडिशा जा रहे युवा कांग्रेस के राष्ट्रिय अध्यक्ष का महासमुंद में अभिनंदन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के महासमुंद आगमन पर संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की अगुवाई में जोशीला स्वागत किया गया। सोमवार को युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी, राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लवरु व प्रदेशाध्यक्ष कोको पाढ़ी का ओडिशा प्रवास के दौरान महासमुन्द आगमन हुआ। शहर के बस स्टैंड के पास संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर के नेतृत्व में एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस साथियो द्वारा आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से नगरपालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन बघेल, जनपद सदस्य कुणाल चंद्राकर, आरिन चंद्राकर, भूमिका ध्रुव, पार्षद अमन चंद्राकर, बबलू हरपाल, चालक परिचालक संघ के जिला अध्यक्ष आवेज खान, व्यंकटेश चंद्राकर, हितेश साहू, रेखराज पटेल, सैय्यद अली, सैय्यद रईस अख्तर, अब्दुल जावेद, अनुराग चंद्राकर, आकाश निषाद, रवि सिंग ठाकुर, मोहम्मद तफरेज, भोला कुमार, सूरज मिरी, दीपक पटेल, बादशाह कुमार आदि मौजूद थे।

## श्री गोविंद कमला गौशाला में 300 गौवंशों की हो रही सेवा

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।



गौ माता के कर्ज को कोई नहीं चुका सकता श्री गोविंद कमला गौशाला के संचालक मनीष अग्रवाल पिथौरा गौ को हिन्दू संस्कृति में माता का दर्जा दिया गया हैण् मान्यता है कि गौवंश में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास होता है और गौ को रोटी खिलाने मात्र से ही पाप मिट जाते हैं। इसी तरह गौ माता की सेवा में विगत कई वर्षों से आपकी अपनी श्री गोविंद कमला गौशाला पिथौरा के द्वारा नि:स्वार्थ भाव से गौ माता की सेवा की जा रही है। पिथौरा नगर के वार्ड क.12 में स्थित श्री गोविंद कमला गौशाला में वर्तमान में 300 के करीब गौवंश हैं जिनका नि:स्वार्थ भाव से गौशाला द्वारा सेवा जलन किया जा रहा है। आये दिन सड़क पर गौवंश दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं बहुत से गौवंशों की मृत्यु भी हो जाती हैं और घायल गौवंशों का उपचार भी गौशाला समिति द्वारा किया जाता है। गौशाला के द्वारा गौसेवा हेतु हेल्पलाइन नम्बर जारी किया गया है साथ ही साथ फैसबुक व व्हाट्सऐप ग्रुप बनाया गया है जिस माध्यम से गौवंश के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना व गौवंश को किसी अन्य समस्या होने की सूचना प्राप्त होती है जिसके बाद गौशाला के सदस्यों के द्वारा यथा संभव उक्त स्थल पर पहुंच कर गौमाता की सेवा व घायल हो चुके गौमाता का उपचार किया जाता है जिसके बाद गौशाला के वाहन से या टोल प्लाजा के वाहन से गौशाला तक लाया जाता है और गौशाला में उपचार किया जाता है टांक टोल प्लाजा द्वारा भी नि:स्वार्थ भाव से गौसेवा में सहयोग किया जाता है। और गौ लोक गमन कर चुके गौवंश को गौ लोक प्रस्थान पूरी विधि विधान से किया जाता है विगत कई वर्षों से निरन्तर निस्वार्थ भाव से गौशाला व गौसेवकों की टीम के द्वारा गौसेवा किया जा रहा है। गौशाला के संचालक मनीष अग्रवाल ने बताया कि गौ हमारी माता है गौमाता के दूध का सेवन हम बचपन से ही करते आ रहे हैं जिसने हमें दूध पिलाया उसे हम माता मानते हैं। जिसके दूध का कर्ज हम नहीं चुका सकते पर उनकी सेवा करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। जिस उद्देश्य से हम पूरी टीम के साथ नि:स्वार्थ भाव से गौ माता की सेवा कर रहें है व अपने जीवन की अंतिम सांस तक निरन्तर गौमाता की सेवा करते रहेंगे लोगों से भी मैं अपील करना चाहूंगा। कि गौ माता की सेवा के लिए आप आगे आएं व जिस तरह से भी आप गौमाता की सेवा कर सकें सेवा करने का प्रयास जरूर करें। नगर के और नगर से बाहर के भी गौ सेवक हमसे जुड़ कर गौ सेवा में अपनी भागीदारी निभा सकते हैं क्यों की गौ है तो कल है।

## ग्राम पंचायत मुंनरबोड़ के आश्रित ग्राम जोगीपुर के गलियों में सीसी रोड व नाली नहीं होने पर ग्रामीणों को हो रही समस्याएं

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुनरबोड़ के आश्रित ग्राम जोगीपुर में ग्रामीणों की समस्याओं से हुए रूबरू अमित यादव जनसेवक व भाजपा नेता बेमेतरा ने ग्रामीणों को लेकर हर गली हर मोहल्ले स्कूलों का लिया जायजा ग्रामीणों द्वारा अपने-अपने समस्याओं को अवगत कराते हुए समस्याओं का निदान के लिए सरपंच को भी अवगत कराया महत्वपूर्ण समस्या ग्राम जोगीपुर में गलियों में सीसी रोड नहीं होने से समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जैसे कि किसी भी व्यक्ति की तबीयत खराब होते है तो शासकीय वाहन व निजी वाहन नहीं पहुंच पाते है व जिससे अन्य दुर्घटनाओं को दावत दे रही है बच्चे को स्कूल जाने में भी बहुत हि परेशानिया हो रही है। गलियों में कीचड़ व दलदल से गुजरना पड़ता है वही बने हुए सीसी रोड गुणवत्ता पूर्वक नहीं बनने से ग्रामीण है नाराज जो सीसी रोड बना है वहा नाली की व्यवस्था पर भी उठा रहे हैं आवाज नाली निर्माण नहीं होने से बरसात की पानी घर के अंदर भी घुस जाता है बरसात के पानी भराव हो जाने से गंदगी के कारण मच्छर पनपने लगे हैं जिससे आय दिन तबियत खराब हो रहे हैं सरपंच को इन सभी समस्याओं को अवगत कराते हुए त्वरित कार्य कराने मांग किया है। जिसमें हेमधर रोहित लिखन नरेंद्र हेमकुमार कौशल भगवती शेखर धर्मेंद्र हेमंत पप्पू रामनाथ नुकेश विकास राजा सहित अन्य ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

## कृष्ण कुंज अभियान एवं खाकी के रंग स्कूल के संग कार्यक्रम का आयोजन

मुख्य अतिथि बतौर शामिल हुए सरायपाली विधायक किस्मत लाल नंद

जोहार छत्तीसगढ़-बसना।



वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण,आमजन ,पत्रकार बन्धु, एवं स्कूल के शिक्षक एवं छात्र

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल भापुसे, के द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को सभी थाना/चौकी परिसर में कृष्ण कुंज योजना के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन करने एवं स्कूल के बच्चों को उक्त आयोजन में खाकी के रंग-स्कूल के संग के तहत शामिल करने हेतु निर्देशित करने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपुंजे एसडीओपी सरायपाली विकास पाटले एवं थाना प्रभारी बसना निरीक्षक सुश्री कुमारी चंद्रकार के मार्गदर्शन में 29 अगस्त 22 को चौकी भंवरपुर परिसर में चौकी प्रभारी भंवरपुर उप निरीक्षक नसीम उद्दीन के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन विधायक सरायपाली किस्मत लाल नंद के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत चौकी भंवरपुर परिसर में वृक्षारोपण किया गया साथ ही कार्यक्रम में भंवरपुर हायर सेकंडरी स्कूल के बच्चों को विधायक किस्मत लाल नंद द्वारा संबोधित कर पर्यावरण के सम्बंध में जागरूक करते हुए वृक्ष के महत्ता एवं इस कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया गया।

## थाना परिसर खल्लारी में कृष्ण कुंज की तरह बहुउपयोगी पौधे रोपित किये

पुलिस परिवार के आयोजन में जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन और स्कूलों बच्चे रहे भागीदार







जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।

थाना खल्लारी में पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव, कल्पना वर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अशोक वैष्णव खल्लारी व थाना स्टाप खल्लारी के द्वारा थाना परिसर में कृष्ण कुंज योजना के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम तथा खाकी के रंग स्कूल के संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बता दे की राज्य सरकार द्वारा 19 अगस्त को कृष्णकुंज योजना का सुभारंभ किया गया। जिसके तहत सभी नगरी निकायों में कृष्णकुंज निर्माण कराने वन विभाग को एक-एक एकड़ जमीन चिन्हाकित कर देने का निर्देश दिया है। बतादे की राज्य सरकार द्वारा सांस्कृतिक पौधे बरगद, पीपल, कदम्ब सहित फलदार एवं औषधी दार पौधों को कृष्णकुंज में रोपकर उद्यान की तरह विकसित करने की योजना बनाई है। इसी तर्ज पर खल्लारी थाना प्रभारी अशोक वैष्णव के आव्हान पर आसपास के जनप्रतिनिधि एवम् स्कूली बच्चों ने खल्लारी थाना को सुंदर बनाने थाना परिसर में 100 पौधों का रोपण किया गया। ताकि यहां आने वाले लोग अच्छे माहौल का आनंद उठा सके।

थाना प्रभारी ने बताया कि थाना परिसर में बॅडमिंटन कोर्ट, बॉलीबाल ग्राउंड का निर्माण भी कराया जाएगा। ताकि युवा स्वस्थ और फिट रहे और उनका ध्यान नशा खोरी से पूरी तरह दूर रहे। साथ ही थाना प्रभारी ने यहां उपस्थित बच्चो एवं युवाओं को जिले में चलाए जा रहे योजना खाकी के रंग स्कूल के संग और हमर पुलिस हमर संग चलित थाना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सीमा देवानंद निर्मलकर किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवानंद निर्मलकर, सरपंच कमल साहू,बालमित्र चेतन साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तरेश साहू, पत्रकार सोमनाथ टोंडेकर, बिहान योजना एमके बाहर के महिला समूह, मनहरण गुप्ता, मोहन कुलदीप, सेवक साहू, सुरेश साहूए जीवन पटेल, एवन साहू, आदि उपस्थित रहे।

## फेडरेशन के कर्मचारियों ने अपनी लंबी 2 सूत्री मांगों को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



34 प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं गृह भाड़ा की मांग को लेकर अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के द्वारा जिले के तीनों ब्लॉक मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी के स्थानीय जनप्रतिनिधियों व कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के कर्मचारी मौजूद रहे। फेडरेशन के जिला संयोजक शैलेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि आज के कमरतोड़ महंगाई तथा उससे राहत देने के लिए केन्द्र के अनुसार शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों को 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं 7 वें वेतन आयोग के अनुसार गृह भाडा भत्ता दिया जाना है। खेद का विषय है कि प्रदेश के कर्मचारी, अधिकारी मात्र 28 प्रतिशत महंगाई भत्ते पर अटके हैं। यह भी देय तिथि से प्रदाय करने का स्पष्ट आदेश नहीं होने के कारण एरियर्स की राशि का नुकसान हो रहा है तथा गृह भाड़ा भत्ता भी 6वें वेतन आयोग के अनुसार दिया जा रहा है जो आधा भी नहीं है। इसके विपरीत प्रदेश में विद्युत विभाग के कर्मचारियों को 34 प्रतिशत, प्रदेश के अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को 31 प्रतिशत एवं पेन्शनर्स को केवल 17 प्रतिशत महंगाई भत्ता ही दिया जा रहा है। जबकि महंगाई तो सभी के लिए समान है। छत्तीसगढ़ के अन्य कर्मचारी, अधिकारी मात्र 28 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त कर रहे हैं जो अन्य राज्यों की तुलना में सबसे कम है। कांग्रेस शासित राज्य राजस्थान में 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत है। पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश में भी 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने दो.दो बार सरकार को पत्र लिखा है, नोटिस दी है, किन्तु कोई कार्यवाही नहीं हुई, कोई चर्चा भी नहीं की गई। वर्तमान में अभी 25 से 29 जुलाई तक 5 दिवसीय अनिश्चितकालीन आन्दोलन किया गया। पूरे प्रदेश के समस्त कार्यालय पूर्ण रूप से बंद रहे और सरकारी कार्य बुरी तरह प्रभावित हुआ । संवेदनशील सरकार को कर्मचारियों की मांगों को पूर्ण करने हेतु अग्रसर होना था। लेकिन इसके ठीक विपरीत दमनात्मक कार्यवाही करते हुए प्रदेश के कर्मचारियों का 5 दिन का वेतन काटने तथा सर्विस ब्रेक करने का आदेश जारी कर दिया गया। परिणामस्वरूप प्रदेश के कर्मचारियों.अधिकारियों में भारी आक्रोश है और इसलिए सरकारी सेवकों ने 22 अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य हुए है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की कई योजनाओं के क्रियान्वयन को केन्द्र एवं नीति आयोग द्वारा न केवल सराहा गया है अपितु पुरस्कृत भी किया गया है। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ राज्य को मॉडल राज्य के रूप में प्रचारित किया जा रहा। कोरोना काल में तो सरकारी कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर कार्य किया हैए ऐसी स्थिति में प्रदेश के कर्मचारियों को पुरस्कृत करने की बजाय उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है।

# प्रदेश के वायरोलॉजी लैब के परिचालन के लिए तैयार हुई गाइडलाइन

## जल्द ही दिल्ली आईसीएमआर से भी करेंगे साझा

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर ने एक और उपलब्धि अपने नाम की है। प्रदेश के सभी वायरोलॉजी लैब के परिचालन के लिए मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने आवश्यक दिशा निर्देश तैयार किये है, जिसे जल्द ही भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद आईसीएमआर के साथ भी साझा किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने इस उपलब्धि के लिए चिकित्सकीय टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नेहा सिंह और माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. निकिता शेरवानी एवं उनकी टीम ने स्वास्थ्य मंत्री से भेंटकर उन्हें लैब के परिचालन दिशानिर्देश सौंपे है। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि श्यह चिकित्सा महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है। मुझे खुशी है कि मैं सरकार के इस कार्य का सूत्रधार था। इस संबंध में वरिष्ठ साइंटिस्ट डॉ. नेहा सिंह ने बताया। श्वायरोलॉजी विज्ञान की एक शाखा है। जो वायरस और जीवों पर अध्ययन का कार्य करती है। कोरोना महामारी के दौरान वायरोलॉजी लैब की उपयोगिता समझ में आई और राज्य में इन्हीं लैब के जरिए कोविड-19 की जांच की जाने लगी। लैब के संचालन के लिए भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद आईसीएमआर के गाइडलाइन के अनुसार मूलभूत तकनीकी जरूरत, सावधानियां और लैब की कार्यप्रणाली को लेकर एक दिशानिर्देश की जरूरत महसूस की जा रही थी। अतः वायरोलॉजी ऑपरेशनल गाइडलाइन तैयार की गई है इससे प्रदेश के सभी वायरोलॉजी लैब के संचालन में मदद मिलेगी। जल्द ही भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद आईसीएमआर दिल्ली के साथ भी इसे साझा किया जाएगा। इन्होंने दिया योगदान. लैब के लिए गाइडलाइन का निर्माण निवर्तमान स्वास्थ्य संचालक नीरज बंसोड़ के मार्गदर्शन में चिकित्सा महाविद्यालय के सामुदायिक चिकित्सा विभागके प्रो.एवं राज्य नोडल अधिकारी वायरोलॉजी लैब विकास छत्तीसगढ़ के डॉ. कमलेश जैन के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इसे तैयार करने में चिकित्सा महाविद्यालय की माइक्रोबायोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. निकिता शेरवानी प्रधान समीक्षक और वरिष्ठ साइंटिस्ट डॉ. नेहा सिंह प्रधान योगदानकर्ता रहीं एवं संजोय सलाहकार रहे। इसके अतिरिक्त यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल गोविल, नेशनल प्रोग्राम ऑफि सर डॉ. अनुज डनदोतिया, एडवाइजर लैब स्ट्रेंथनिमग एंड डायग्नोस्टिक्स डॉ. हिमांशु झा तथा स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर छत्तीसगढ़ प्रफुल्ल शर्मा ने वायरोलॉजी लैब के लिए दिशानिर्देश तैयार करने में सराहनीय योगदान दिया है। इसलिए पड़ी जरूरत राज्य नोडल अधिकारी वायरोलॉजी लैब विकास के डॉ. कमलेश जैन ने बताया राज्य में कोरोना संक्रमण की शुरुआत के साथ आईसीएमआर के दिशा.निर्देशों के अनुरूप कोरोना जांच के लिये मेडिकल कॉलेज के वायरोलॉजी लैब में आरटीपीसीआर जांच की शुरुआत हुई।



### मेडिकल कॉलेज रायपुर ने किया दिशानिर्देश तैयार, स्वास्थ्य मंत्री ने दी बधाई

वायरस संक्रमण के दौरान लैब के अंदर किन सावधानियों को रखकर कार्य किया जाता हैं। इसकी जानकारी नहीं होने से कोविड टेस्ट करते हुए यहां कार्य करने वाले कई लोग संक्रमित भी हुए। लैब के संचालन के लिए तकनीकी गाइडलाइन के अनुरूप यानि वायरोलॉजी लैब स्ट्रेंथनिंग के लिए आवश्यक दिशानिर्देश तैयार किया गया है। जिसको तैयार करने में 9 माह का समय लगा। इससे आने वाले नए लोगों को लैब में कार्य करने में सहुलियत होगी। साथ ही ना सिर्फ कोरोना बल्कि सभी प्रकार के वायरस की जांच वायरोलॉजी लैब में उपलब्ध होगी जिससे वायरसों के संक्रमण के नियंत्रण में भी सहायता मिलेगी।

# महिलाओं/बच्चों संबंधी अपराधों एवं पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के द्वारा समस्त थाना/चौकी प्रभारियो की एवं विवेचको की महिलाओं/बच्चों संबंधी अपराधों एवं पीडित क्षतिपूर्ति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा मीटिंग लिया गया। जिसमें भरतीय दण्ड सहिंता की धारा 376, 376क, 376ख,376घ, 376ड, एवं पाक्सो एक्ट के तहत दुष्कर्म के प्रकरणों में प्रथम सूचना पत्र दर्ज करने के दिनांक से दो माह के भीतर विवेचना कार्यवाही पूर्ण करने दिशा-निर्देश दिये गये। तथा यौन उत्पीडन,अन्य अपराधों से पीडित महिलाओं,उत्तरजीवियों के लिए क्षतिपूर्ति योजना के अंतर्गत आने वाले अपराधों धारा 326क, 354क से 354घ, 376क, से 376ड, 304ख, 498क इस योजना अंतर्गत शारीरिक क्षति के मामले में शामिल है। के कारित होने पर राज्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रकरण प्रस्तुत कर पीड़िता को न्याय और पीडित को पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना का लाभ मिल सके। तथा थानावार महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों की जानकारी लेकर महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों को एक अभियान चलाकर यथाशीघ्र निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में डीएसपी कमल नारायण शर्मा, समस्त थानाध्चौकी प्रभारी निरीक्षक अंजोर दास चतुर्वेदी, निरीक्षक पुष्पेन्द्र भट्ट, निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, निरीक्षक प्रमोद शर्मा, निरीक्षक सीआर ठाकुर, महिला निरीक्षक संतोष ग्रेस, उप निरीक्षक राकेश साहू, उप निरीक्षक सुरेश कश्यप, उप निरीक्षक डीएन सिंह, सउनि डीएल सोना, सउनि रेशम लाल भास्कर, प्रधान आरक्षक दिनेश मंडावी एवं एसपी रीडर विनोद शर्मा, एएसपी रीडर चंद्रशेखर सिंह, आरक्षक मनीष देवांगन सहित पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# हर गली मोहल्ले और घरों में विराजमान होंगे गजानत

## गणेश उत्सव की तैयारी शुरू, प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में लगे मूर्तिकार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



31 अगस्त से गणेश उत्सव पर्व के चलते मूर्तिकार भगवान श्री गणेश की मूर्तियों को आकार देने में जुटे हुए हैं जिनके द्वारा छोटी मूर्तियों से लेकर 1 से 10 फीट तक की मूर्तियां बनकर तैयार है गणेश चतुर्थी 31 अगस्त से प्रारंभ हो रहा है। जिसके चलते विभिन्न गणेशोत्सव समितियों के द्वारा तैयारी पूरी की जा चुकी है रतनपुर में कोलकाता से आए मूर्तिकार विगत 30 वर्षों से मूर्ति बनाने के काम करतेआ रहे हैं उनका कहना है कि इस बार मूर्तियां अच्छे से बिकेंगी क्योंकि पिछले 2 सालों से कोरोना की वजह से हमें भारी नुकसान उठाना पड़ा था इस बार बाजार अच्छा रहने की उम्मीद है। मूर्तिकार रंजन पाल के द्वारा आज मूर्तियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इनके द्वारा बनाई गई मूर्तियां देखने में अत्यधिक आकर्षक लगती है ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि इनके द्वारा बनाई गई मूर्तियां पिछले साल की तुलना में अधिक बिकेगी। जिनमें मूर्तियों के साइज के हिसाब से कलर मैचिंग के कपड़े सजावट और रंगों का इस्तेमाल किया जा रहा है इन मूर्तियों को रंगने के लिए प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जा रहा है जिसके कारण इनके द्वारा बनाई गई मूर्तियां विसर्जन के समय पानी में आसानी से घूल जाती है और पर्यावरण को किसी प्रकार से कोई नुकसान नहीं पहुंचता गणेश चतुर्थी को लेकर के नगर के तथा ग्रामीण अंचलों में तैयारियां शुरू हो गई है तथा मूर्तियों की बिक्री की पूछ परख भी शुरू हो गई है रतनपुर महामाया रोड में वर्षों से बसे चित्रकारों के द्वारा बनाई गई मूर्ति पूरे छत्तीसगढ़ में प्रसिद्ध है इनकी कई पीढ़ीयो से मूर्ति बनाने का काम यह लोग करते आ रहे हैं मूर्तियों का निर्माण करना और इसे बेचना ही इनका आजीविका का मुख्य साधन है। इस वर्ष इन मूर्तिकार चित्रकारों के द्वारा यह उम्मीद जताई जा रही है कि इस वर्ष मूर्ति की बिक्री अच्छी रहेगी क्योंकि पिछले साल कोरोनावायरस के चलते इन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ा था।

# सायबर सेल सुकमा के मदद से गुम नाबालिग बालिका को चंद घंटो में किया बरामद,आरोपी जेल दाखिल

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

रविवार को प्रार्थी अखिल ढाली पिता स्व. फनीभुषण ढाली उम्र 52 वर्ष जाति नमोशुद्रो साकिन वार्ड क्रमांक 14 दोरनापाल थाना उपस्थित आकर अपने नाबालिग छोटी पुत्री उम्र 17 वर्ष की गुम होने की सूचना रिपोर्ट दर्ज कि कोई अज्ञात आरोपी अपने नाबालिग पुत्री को बहलाद फुसला कर कहीं लेकर चला गया है। गुम बालिका नाबालिग होने से थाना दोरनापाल में अपराध क्रमांक 36/2022 धारा 363 भादवि के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के पुलिस अधीक्षक सुकमा सुनील शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण चव्हाण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुकमा ओम चंदेल, उप पुलिस अधीक्षक सुकमा पारूल मैडम तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दोरनापाल रजत कुमार नाग के मार्गदर्शन में दो टीम तैयार कर जिसमें टीम, निरीक्षक सुरेश



जांगड़े के हमराह सउनि पदमा कच्छ, प्र.आर . 1145 सत्यनारायण मरावी, प्र.आर 179 दिनेश वस्त्राकर, आर. 784 सत्यानंद बघेल, आर. 880 महेश कश्यप थाना दोरनापाल, जिला सुकमा क्षेत्र में गुम नाबालिग बालिका की पतासाजी करने हेतु। सायबर सेल सुकमा के मदद से आरोपी तथा गुम नाबालिग बालिका का थाना बेलपड़ा जिला बलांगिर उड़िसा में होना पता चलने पर वरिष्ठ अधिकारियों से दीगर राज्य जाने अनुमति प्राप्त कर थाना दोरनापाल से टीम, निरीक्षक नरेन्द्र राठौर, सुकमा, एम.आर. 935 किच्चे सोमे, रआरके सुकमा, आरक्षक 545 ललेश्वर जुर्री, थाना दोरनापाल। थाना बेलपड़ा, जिला बलांगिर उड़िसा के लिए रवाना होकर मामले की गंभीरता को देखते। हुए महज चंद घण्टों में त्वरित कार्यवाही कर नाबालिग बालिका की बरामदगी कर आरोपी अविनाश बाग्क्षी पिता अभिमन्यु बाग्क्षी 20 वर्ष जाति नमोशुद्रो साकिन एमव्ही 40, पोस्ट बादली, थाना कालीमेला,जिला मलकानगिरी उड़िसा, को साथ लेकर थाना दोरनापाल वापस आये। पुछताछ करने पर आरोपी अविनाश बाग्क्षी द्वारा पीड़ित नाबालिग बालिका के साथ घटना घटित करना स्वीकर किया गया। बाद नाबालिग बालिका को सखी सेन्टर सुकमा में सुरक्षार्थ रखा गया तथा आरोपी अविनाश बाग्क्षी को जेल दाखिल किया गया है। संपूर्ण कार्यवाही में सायबर सेल सुकमा का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्यौहार है पोला तीजा



जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भोइनाभाठा के ग्राम मुड़पार में बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। पोला का त्यौहार ग्रामीणों द्वारा पोला कि दो दिन पहले सत्यनाम धुन का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें अनेकों गांव से आए हुए सत्यनाम धुन ने अपने-अपने कला नृत्य करते हुए सदगुरु कबीर साहेब के कीर्तन भजन किया गया जिसके पश्चात पोला के दिन समापन में बाजे गाजे के साथ ग्रामीणों के महिलाओं ने पोला लेकर पहुंचे सत्य कबीर कुटी धाम जिसमें शामिल हुए अमित यादव जनसेवक व भाजपा नेता बेमेतरा ने माताएं बहनों को दी पोला तीजा की बधाई दिया जिसमें यादव ने कहा हर वर्ष आप लोगों के साथ इस प्रकार के कार्यक्रम में सहभागिता व सहयोग करूंगा जिसमें आमंत्रित करने के लिए बहुत-बहुत बधाई देते हुए कार्यक्रम में ग्रामीणों सहित बहोर सिंह वर्मा तेजराम वर्मा जागेश्वर वर्मा कुलेश्वर वर्मा अनिल वर्मा रवि वर्मा व अन्य ग्रामीण सहित बड़ी संख्या में माताएं बहने उपस्थित रहे।

### सरकारी टीचर झोला छाप डॉक्टर बन कर रहे लोगों के सेहत से खिलवाड़

जोहार छत्तीसगढ़-पंडरियाय।



सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विकासखण्ड पंडरिया में लगातार सरकारी टीचर झोला छाप डॉक्टर बन कर कर रहे हैं लोगों के सेहत खिलवाड़ इनके वजह से कई लोगों की जान खतरे में पड़ सकती है।

#### सरकारी टीचर नियम के विरुद्ध कर रहे ट्रीटमेंट

आपको बता दे अधिकांश टीचर जो सरकारी जॉब में है वे गांव में घूम-घूम कर लोगों की इलाज कर रहे है शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग की छवि को धूमिल कर रहे हैं। पर भी दोनो विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं जो समझ से परे है।

#### इन्हें विभाग के उच्च अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त तो नहीं

सरकारी टीचर होने के बावजूद कुछ टीचर खुलेआम नियमो को ताक में रख कर लोगों के सेहत से कर रहे हैं खिलवाड़ इस प्रकार के वही कर्मचारी कर सकते हैं जिनके ऊपर उच्च अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त हो,अब देखहने वाली बात यह है कि दोनों विभाग के उच्च अधिकारी इनके ऊपर क्या कार्यवाही करते है।

* यदि अगर इस प्रकार के गलती कोई टीचर करते हैं तो स्वास्थ्य विभाग करे इनके ऊपर कार्यवाही इस प्रकार का पल्ला झाड़ते नजर आए।

**खण्ड शिक्षा अधिकारी जे पी बनर्जी**

### फिर पकड़े गए खुड खुड़िया के 4 खिलाड़ी

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

बीती रात जिले की सांकरा पुलिस ने सार्वजनिक स्थल पर खुड खुड़िया नामक जुआ खेलते हुए चार लोगों को धर दबोचा, जबकि कुछ लोग भागने में सफल रहे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर कल देर रात सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम बिजेमाल के डीपा पारा की आम गली में विद्युत खंभे के नीचे बिजली की रोशनी में कुछ लोग खुड़खुड़िया की पट्टी बिछाकर उसके ऊपर रुपये पैसे का दांव लगाकर हार जीत का खेल, खेल रहे थे। पकड़े गए जुआरियों में अधिकारी पटेलए धनीराम प्रधानएतिकेश साहू और परीक्षित सामल शामिल है। इनके पास से पुलिस ने एक सट्टा पट्टी जिस पर 6 प्रतीक चिन्ह बने हुए है एक टोकरी 6 गोटिया और 930 तथा एक नग मोबाइल जप्त किया गया है। जुआरियों के खिलाफसार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 की धारा 13 के तहत कार्रवाई कर चारो को मुचलका जमानत पर रिहा कर दिया गया।

# सिंघोड़ा पुलिस ने पकड़ा 1 नग वाहन, 5 किलो गांजा और 2 तस्कर

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले की सिंघोडा पुलिस ने फि र दो गांजा तस्करों को धर दबोचा। आरोपी सोल्ड मोटर सायकल में 5 किलो गांजा लेकर रायपुर में खपाने जा रहे थे। लेकिन नेशनल हाईवे 53 में रेहटीखोल के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे सिंघोड़ा पुलिस द्वारा धर लिये गये। जिनमें एक का नाम आदिल खान पिता सरदार खान 23 वर्ष निवासी बैजनाथ पारा रायपुर तथा दूसरे का नाम सरफ राज खान पिता स्वण् अयाज खान उम्र 24 वर्ष निवासी राजा तालाब रायपुर बताया है। वे दोनों काले रंग की मोटर सायकल में एक प्लास्टिक की बोरी के भीतर मादक पदार्थ गांजा रखे थे। आरोपी के पास से पुलिस ने एक नग सैमसंग कंपनी का मोबाईल तथा दूसरे के पास से रियलमी कंपनी का



मोबाईल तथा 400 रूपये नगद भी बरामद किया गया। जप्त सूदा गांजे की कीमत 1 लाख रूपये बताई गई है। आरोपी के खिलाफनारकोटिक्स एक्ट की धारा 20 ख के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है।

# भीगी पलकों और भारी मन के साथ सड़क दुर्घटना में बस्तर संभाग के पांच युवाओं की दुःखद मृत्यु पर श्रद्धांजलि यात्रा निकाली

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

जिला मुख्यालय में सर्वधर्म समाज के द्वारा भीगी पलकों और भारी मन के साथ विगत दिनों सड़क दुर्घटना में बस्तर संभाग के पांच युवाओं की दुःखद मृत्यु पर श्रद्धांजलि यात्रा निकाली तथा बहुत ही आक्रोशित भाव के साथ मौजूदा परिवहन व्यवस्था के विरुद्ध छत्तीसगढ़ शासन के परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर के नाम एसडीएम सुकमा को ज्ञापन सौंपा ज्ञात हो कि हाल ही में सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में प्रतिदिन अनेक यात्री बसे गंभीर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे है। उक्त घंटना में बस चालको एवं मालिकों की लापरवाही के चलते अनेक युवा अकारण ही मौत के शिकार हो रहे है। इसी कड़ी में विगत 20 अगस्त को जगदलपुर के पास पायल बस




के चालक द्वारा बस को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक कार को दुर्घटनाग्रस्त कर दिया गया जिसमें कार में सवार पांच युवकों की मौके पर ही दुःखद मृत्यु हो गयी। जबकि उक्त दुर्घटना में कार सवारों की किंचीत मात्र भी गलती नहीं थी। वह अपनी वाहन को रोड के बाईं ओर सावधानी पूर्वक चला रहे थे। राज्य में हो रहे सड़क दुर्घटना को लेकर सर्वधर्म समाज के लोग हृदय से




व्यथीथ होकर परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर से अपेक्षा की हैं कि उनकी मांगों एवं सुझावो अमल करते हुए यथाशीघ्र कार्यवाही करें सर्वधर्म समाज ने लिखा कि यात्री बसो से होने वाले गंभीर दुर्घटनाओं की रोकथाम के संबंध में आवश्यक उपाय करते हुए बस चालको के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जाए। दो चालक की नियुक्ति हो लम्बी दूरी की यात्री बसों में नियमित रूप से दो वाहन चालको की व्यवस्था हो स्पीड कंट्रोलर व क्षमता अनुसार ही यात्रियों की संख्या सभी बसो में स्पीड कन्ट्रोलर अनिवार्य रूप से स्थापित किया जाये। बसो परमिट की शर्तों के अनुसार ही यात्रियों का परिवहन किया जावे। सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए सभी यात्री बसो में सीण्सीण्टीण्वीण्कैमरे स्थापित किया जाये। यात्री बसो में किराया सूची अनिवार्य रूप से चस्पा हो प्रत्येक 100 किमी पर चालको की जांच हो लम्बी दूरी की बस के चालको के द्वारा अक्सर न:शीले पदार्थों का सेवन किया जाता है। नशे की रोकथाम हेतु प्रत्येक 100 किमी पर जांच केन्द्र स्थापित कर नियमित रूप से जांच हो। कंडम वाहनों को चलन से बाहर किया जावे ऐसी यात्री बसें जिनकी आयु 12 वर्ष पूर्ण हो चुकी है और वे आज भी सड़कों पर निर्बाध गति से दौड़ रही है। ऐसी बसों को चिन्हांकित कर उन्हें कंडम घोषित कर चलन से बाहर कर दिया जावे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in